दिन–सोमवार दिनांक– 03/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

01. बिहार में रेल परियोजनाओं के लिए दस हजार छियासठ करोड़ से अधिक की धन राशि का आवंटन किया गया। दस वर्ष पहले रेलवे के लिये किये गये आवंटन से यह धन राशि नौ गुना अधिक है।

02. लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू। विपक्षी सांसदों ने महाकुंभ घटना पर चर्चा की मांग करते हुए संसद के दोनों सदनों में हंगामा किया।

03. सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम बजट को लेकर आरोप–प्रत्यारोप तेज।

04. और, बसंत पंचमी का त्योहार आज प्रदेशभर में धार्मिक श्रद्धा और आस्था के साथ पारम्परिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---

बिहार में रेल परियोजनाओं के लिए दस हजार छियासठ करोड़ से अधिक की धन राशि का आवंटन किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दस वर्ष पहले रेलवे के लिये किये गये आबंटन से यह धन राशि नौ गुना अधिक है।

–––बाइट–––

पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने बताया कि इस धनराशि से बिहार में रेलवे के दोहरीकरण, विद्युतीकरण, रेलवे स्टेशनों के विकास में मदद मिलेगी।

–––बाइट–––

राज्य पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि राज्य में अंठानवें अमृत भारत स्टेशनों का निर्माण हो रहा है यह भविष्य के नये आर्थिक केंद्र के रुप में विकसित होंगे।

———बाइट———

---

लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा जारी है। भारतीय जनता पार्टी की किरण चौधरी ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है।

---

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक के अपने अभिभाषण में राष्ट्रपति ने महाकुंभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान सदस्य अपने विचार रख सकते हैं।

———बाइट———

महामहिम राष्ट्रपति जी ने कुंभ के बारे में भी चर्चा की है। इसलिए आप जब महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के अंदर जब अपने विषय को रखे तो वो विषय भी आप रख सकते हैं। प्रश्नकाल सबसे महत्वपूर्ण समय होता है और बहुत प्रयास करने के बाद माननीय सदस्यों का प्रश्न आता है। सरकार की जवाबदेही भी तय होती है और मैं आपसे कई बार आग्रह कर चुका हूं एक व्यवस्था बनाने की प्रश्नकाल के अंदर कभी भी विषय को उठाने नहीं दिया जाएगा।

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की सांसद शांभवी चौधरी ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया की ये देश के मुद्दें पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं।

———बाईट———

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने सदन में विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए कहा कि महाकुंभ हादसा के बारे में लोगों को गुमराह किया जा रहा है।

———बाईट———

आरजेडी के वरिष्ठ नेता मनोज झा ने कहा कि महाकुंभ हादसा के बारे में सरकार को सदन में विस्तृत जानकारी देनी चाहिए।

———बाईट———

जनता दल युनाइटेड के वरिष्ठ नेता संजय कुमार झा ने कहा कि इस बार बजट में बिहार को जो आवंटन मिला है, उससे राज्य में विकास की गति और तेज होगी।

———बाईट———

केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा है कि बजट में सभी लोगों का ध्यान रखा गया है। श्री मांझी ने बजट को सबसे अच्छा बताया है।

———बाईट———

राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने आरोप लगाया कि बिहार के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।

———बाईट———

बसंत पंचमी का त्योहार आज प्रदेशभर में धार्मिक श्रद्धा, आस्था के साथ पारम्परिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। माघ शुक्ल पंचमी का यह दिन ज्ञान, विवेक, कला और संगीत की देवी सरस्वती की उपासना का दिन है।

———बाईट———

आज के दिन लोग ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की आराधना करते है। शैक्षणिक संस्थानों में विशेष रौनक देखी जा रही है। बहुत से लोग अपने—अपने घरो में माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा—अर्चना कर रहे हैं। आकर्षक और मनमोहक ढंग से बिजली की सजावट की गई है। कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने लोगों को बसंत पंचमी की शुभकामनाए दी है। इस बीच सरस्वती पूजा को देखते हुए शैक्षणिक संस्थानों के आस—पास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। **आकाशवाणी समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।**

विसर्जन के दौरान जुलूस निकालने और डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा।

---

प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। इससे लोगों को थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, अधिकतम तापमान भी पच्चीस से तीस डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस अगले दो से तीन दिनों तक मौसम में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

———बाइट———

---

01. बिहार में रेल परियोजनाओं के लिए दस हजार छियासठ करोड़ से अधिक की धन राशि का आवंटन किया गया। दस वर्ष पहले रेलवे के लिये किये गये आवंटन से यह धन राशि नौ गुना अधिक है।

02. लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू। विपक्षी सांसदों ने महाकुंभ घटना पर चर्चा की मांग करते हुए संसद के दोनों सदनों में हंगामा किया।

03. सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम बजट को लेकर आरोप—प्रत्यारोप तेज।

04. और, बसंत पंचमी का त्योहार आज प्रदेशभर में धार्मिक श्रद्धा और आस्था के साथ पारम्परिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---

समाप्त